# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–28.09.2025 (संध्या–1900 बजे)

**मुख्य समाचार**

1. **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा छठ पूजा अब ले रही वैश्विक उत्सव का रूप, मन की बात में बताया छठ को यूनेस्को की सांस्कृतिक धरोहर सूची में शामिल करने के लिए सरकार प्रयासरत।**
2. **केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि देश से वामपंथी उग्रवाद 31 मार्च तक होगा पूरी तरह समाप्त, नक्सलियों का सामना कर आदिवासियों की सुरक्षा उनकी सरकार का धर्म।**
3. **गिरिडीह में नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार ने पूजा पंडालों का किया निरीक्षण, शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल बनाए रखने की अपील की।**
4. **मौसम विभाग ने राज्य के कई जिलों में 3 अक्टूबर तक बारिश के साथ गरज चमक और तेज हवाओं का जारी किया येलो अलर्ट।**

**और**

5. **एशिया कप टी–20 क्रिकेट के फाइनल में आज भारत का मुकाबला पाकिस्तान से।**

*******************

प्रधानमंत्री ने कहा कि अब छठ पूजा एक वैश्विक उत्सव में बदल रही है। आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम की 126वीं कड़ी में आज श्रोताओं के साथ अपने विचार साझा करते हुए, उन्होंने कहा कि सरकार इस महापर्व को यूनेस्को की सांस्कृतिक धरोहर सूची में शामिल करने के प्रयास कर रही है। श्री मोदी ने कहा कि इस सूची में शामिल होने से दुनियाभर के लोग छठ पूजा की भव्यता और दिव्यता का अनुभव कर सकेंगे।

*******************

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि देश से वामपंथी उग्रवाद को 31 मार्च अगले साल तक पूरी तरह समाप्त कर दिया जाएगा। उन्होंने आज नई दिल्ली में 'नक्सल मुक्त भारत' कार्यक्रम के समापन सत्र में कहा कि अगर नक्सली निर्दोष आदिवासियों को मारना चाहते हैं, तो उन नक्सलियों का सामना कर आदिवासियों को बचाना उनकी सरकार का धर्म है।

*******************

गिरिडीह में नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार ने विभिन्न पूजा पंडालों का निरीक्षण किया और पपड़बाटांड में पूजा समिति द्वारा उनका स्वागत किया गया। मौके पर उन्होंने राज्यवासियों की समृद्धि और कल्याण के लिए प्रार्थना की तथा शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल में मेला आयोजित करने की अपील की।

*******************

हजारीबाग के मटवारी मैदान में शिव शक्ति दुर्गा पूजा समिति ने ऑपरेशन सिंदूर और परमवीर चक्र विजेताओं को समर्पित भव्य पूजा पंडाल बनाया है। पंडाल में सेना की वीरता, आतंकवाद विरोधी अभियान और शहीद जवानों की तस्वीरों के माध्यम से देश की सामरिक शक्ति को दर्शाया गया है।

*******************

खूंटी के कचहरी मैदान में पर्व–त्योहारों को देखते हुए पुलिस ने मॉक ड्रिल कर असामाजिक तत्वों से निपटने की तैयारी का अभ्यास किया। डीएसपी वरुण रजक ने जवानों को मुस्तैदी से ड्यूटी करने का निर्देश दिया और विभिन्न चौक–चौराहों और संवेदनशील क्षेत्रों में तीन–चार शिफ्ट में बल तैनात किए गए।

*******************

जमशेदपुर नोटिफाइड एरिया कमिटी ने स्वच्छ भारत अभियान के तहत पूजा पंडालों से एकत्रित फूलों को खाद में परिवर्तित करने की अनोखी पहल शुरू की। नगर आयुक्त कृष्णा कुमार ने साकची के कासीडीह पूजा पंडाल से दस फ्लावर वेस्टेज वाहनों को रवाना किया, जो शहर के विभिन्न पंडालों से फूल एकत्रित करेंगे। पंडालों की स्वच्छता बनाए रखने वाले आयोजकों को जेएनएसी की ओर से पुरस्कार भी दिया जाएगा।

*******************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जीएसटी बचत उत्सव की घोषणा की थी। 22 सितम्बर से शुरू हुआ यह उत्सव समाज के सभी वर्गों को लाभान्वित कर रहा है। जीएसटी सुधार भारत की अप्रत्यक्ष कर प्रणाली को सरल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

*******************

हजारीबाग में एसीबी की टीम ने वन भूमि घोटाले मामले में ऑटोमोबाइल कंपनी के संचालक विनय सिंह के डेमोटांड़ शोरूम में छापेमारी की। छापेमारी में कर्मियों से पूछताछ की गई और पूरे परिसर को सुरक्षा घेरा में रखा गया। गौरतलब है कि विनय सिंह लोकनायक जयप्रकाश नारायण केंद्रीय कारा में न्यायिक हिरासत में हैं और उन पर सरकारी अधिकारियों के साथ मिलकर अवैध तरीके से गैर–मजरूआ खास और जंगल–झाड़ी भूमि की जमाबंदी कराने का आरोप है।

*******************

देवघर–अजगैबीनाथ को सीधे जोड़ने के लिए अजगैबीनाथ (सुल्तानगंज)–कटोरिया रेल लाइन का काम जल्द ही चालू हो जाएगा।

*******************

मौसम विभाग ने राज्य के कई जिलों में 3 अक्टूबर तक गरज चमक और तेज हवाओं के साथ बौछारों का येलो अलर्ट जारी किया। इन में रांची, रामगढ़, खुंटी, गुमला, सिमडेगा, लोहरदगा, पश्चिमी और पूर्वी सिंहभूम, सरायकेला, गिरिडीह, बोकारो, धनबाद, देवघर, जामताड़ा, दुमका, पाकुड़, साहिबगंज और गोड्डा जिलों के अलग–अलग हिस्सों में बारिश की संभावना जताई गई है। मौसम विज्ञानियों के अनुसार इन जिलों में 7 से 11 मिमी बारिश और 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटा की हवाओं का अनुमान है।

*******************

एशिया कप टी–20 क्रिकेट के फाइनल में आज भारत का मुकाबला पाकिस्तान से होगा। यह मैच भारतीय समय के अनुसार रात 8 बजे से खेला जाएगा। एशिया कप के 41 वर्ष के इतिहास में यह पहला मौका होगा जब दोनों टीमें फाइनल खेलेंगीं।

**********समाप्त************